कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 12.01.2025

विषय:- सेण्ट्रल लाइब्रेरी बीएचयू से टैब व लैपटाप चोरी करने वाली महिला चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का टैबलेट बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर व प्रभारी निरीक्षक लंका के नेतृत्व में दिनांक 11.01.2025 को सेण्ट्रल लाइब्रेरी, बीएचयू, लंका से एक नफर अभियुक्ता को सुरक्षाकर्मयों द्वारा गिरफ्तार कर नियमानुसार पुलिस अभिरक्षा में सुपुर्द किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना विवरणः- काशी हिन्दू विश्वविद्यालय अन्तर्गत स्थित सेण्ट्रल लाइब्रेरी में विद्यार्थयों द्वारा कुछ दिनों से सामान गायब होने की शिकायत मिलने के क्रम में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा सुरक्षाधिकारियों की टीम को सक्रिय करते हुए विद्यार्थियों की शिकायत की जांच की गयी। दिनांक 11.01.2025 को विद्यार्थियों द्वारा एक संदिग्ध महिला को सीसीटीवी फूटेज की मदद से पकड़ा गया जिससे सुरक्षाकर्मियों द्वारा पूछताछ एवं तलाशी ली गयी तो महिला उपरोक्त के कब्जे से चोरी का सामान (टैबलेट) बरामद हुआ।

पूछताछ विवरण- अभियुक्ता उपरोक्त पूछताछ में चोरी की बात स्वीकार करते हुए गलती की माफी मांग रही है तथा बता रही है कि मैने जो भी सामान लाइब्रेरी से उठाया था वह सब वापस दे दिया है। भविष्य में ऐसी गलती नहीं होगी।

गिरफ्तार अभियुक्ता का नाम-पता-

1. एक नफर अभियुक्ता।

गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान- दिनांक- 11.01.2025 स्थान- सेण्ट्रल लाइब्रेरी, बीएचयू, थाना क्षेत्र लंका, कमि0 वाराणसी।

विवरण बरामदगी-

1. चोरी का टैबलेट सैमसंग माडल नं0 SM-X115, IMEI NO. 350419/60/252743/2, S/N R9ZX4077JXP बरामद।
2. अदद मोबाईल फोन ONE PLUS कम्पनी का कलर ग्रीन बरामद।
3. एक अदद खाली पर्स बरामद।

पंजीकृत अभियोग का विवरण -

1. मु0अ0सं0- 0017/2025 धारा 305(ए)/317(2) बीएनएस थाना लंका, कमि0 वाराणसी।

<u>गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम</u>

1. उ0नि0 सिद्धान्त कुमार राय, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
2. म0का0 रूपम पाण्डेय, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
3. म0का0 अंशु पाण्डेय, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
4. देवेन्द्र कुमार सिंह, ग्रंथालयी, सेण्ट्रल लाइब्रेरी, बीएचयू, थाना लंका वाराणसी ।
5. भरथ पाण्डेय, मुख्य आरक्षाधिकारी कार्यालय, बीएचयू, थाना लंका वाराणसी ।
6. सुमन यादव, मुख्य आरक्षाधिकारी कार्यालय, बीएचयू, थाना लंका वाराणसी ।
7. शिवजी सिंह, मुख्य आरक्षाधिकारी कार्यालय, बीएचयू, थाना लंका वाराणसी ।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी ।